अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 16 जनवरी 2026
माघ कृष्ण-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO, 04, BOTTOM

# जिंदगी मुश्किलों में उलझी थी, मर के आसान कर दिया मैंने

**बरेली।** स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में बृहस्पतिवार की शाम मुशायरे के नाम रही। इसका आगाज अमित शर्मा ''मीत'' ने किया। साक्षी शंखधार, शायर सुरेंद्र नाज बदायूंनी ने अपने-अपने कलाम पढ़े। डॉ. अनवर वारसी बदायूंनी ने अपने कलाम- कैसा एलान कर दिया मैंने, सबको हैरान कर दिया मैंने, जिंदगी मुश्किलों में उलझी थी, मर के आसान कर दिया मैंने सुनाकर खूब तालियां बटोरी। लईक खान, मखदूम बेग बरेलवी ने भी कलाम पेश किए। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. रीता शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद